समाचार

# जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड बालको पहुंचे आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय

## (जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, नया नाले का प्रस्ताव बनाने एवं पुराने नाले की सम्पूर्ण साफ–सफाई करने के दिए निर्देश, जलभराव प्रभावित बस्तीवासियों की भेंट)

## (आयुक्त ने कहा–निगम क्षेत्र अंतर्गत समस्त जलभराव क्षेत्रों व संभावित जलभराव स्थलों में समस्या के स्थाई समाधान हेतु तैयार कराए आवश्यक प्रस्ताव)




कोरबा 07 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सोमवार को सुबह–सुबह स्कूटी पर सवार होकर जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड ढेगुरनाला बालको पहुंचे, उन्होने अधिक वर्षा के दौरान बस्ती में होने वाले जलभराव की समस्या से वहॉ के रहवासियों को निजात दिलाने एवं समस्या के स्थाई समाधान के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, रिंग रोड में नए नाले के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बारिश के दौरान जहॉ–जहॉ पर जलभराव की समस्या पैदा होती है या अतिवर्षा के दौरान जलभराव की संभावना दिख रही है, उन सभी क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही करें, ताकि आगामी समय में जलभराव की स्थितियों का सामना आमनागरिकों को न करना पड़े। उन्होने जलभराव से प्रभावित बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात भी की।

यहॉ उल्लेखनीय है कि विगत दिन अधिक वर्षा के दौरान बालको क्षेत्र के शांतिनगर बस्ती में जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी, जिसके कारण वहॉ के रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, शांतिनगर बस्ती व रिंग रोड के समीप होने वाले जलभराव की समस्या से स्थाई निजात वहॉ के निवासियों को मिले, इसके मद्देनजर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर उक्त सम्पूर्ण बस्ती व जलभराव होने

वाले क्षेत्र का सघन रूप से जायजा लिया, स्कूटी पर सवार होकर उक्त सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण किया एवं समस्या के स्थाई समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने व रिंग रोड में नया नाला निर्माण का प्रस्ताव त्वरित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर स्थित पुराने नाले की सम्पूर्ण सफाई कराने एवं नाले के जलप्रवाह पर सतत नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा के दौरान नाले में कहीं भी जल का प्रवाह बाधित न हों, इस पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी अवरोध होने, जल प्रवाह धीमा होने की स्थिति दिखें तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराएं ताकि जल की निकासी सुगम रूप से होती रहे।

**जलभराव प्रभावितों से की भेंट** – इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती भ्रमण कर विगत दिन हुए जलभराव की समस्या का सामना करने वाले बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि निगम इस समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम उठाएगा तथा यह पूरा प्रयास किया जाएगा कि आगामी समय में आप लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होने बस्तीवासियों को बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु नए नाले के निर्माण व अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा चुके हैं तथा इस पर ठोस कार्यवाही हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

**सफाई कार्यो का किया निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस दौरान बालको जोन के अंतर्गत आने वाले हाउसिंग बोर्ड कालोनी, परसाभांठा, बस स्टैण्ड क्षेत्र, चेकपोस्ट सहित अन्य बस्तियों में साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित अन्य बस्तियों की नालियों की नियमित सफाई करने, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कार्य में लगे सफाई कामगारों से चर्चा की, उनके कार्यक्षेत्र व किए जाने वाले सफाई कार्यो की विस्तार से जानकारी ली, सफाई कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की एवं समस्याओं के समाधान हेतु सतत कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको बस स्टैण्ड के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया तथा वहॉ की आवश्यक व्यवस्थाओं व शौचालय व उसके परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने शौचालय की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की तथा वहॉ की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाओं को बनाने एवं शौचालय व परिसर को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखने हेतु केयरटेकर व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, सहायक अभियंता एम.एल.बरेठ, उप अभियंता अभय मिंज, उप जोन प्रभारी संजय ठाकुर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**दर्री जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अचानक निगम के दर्री जोन कार्यालय में दस्तक देते हुए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, उन्होने जोन कार्यालय के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर वहॉ की साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संधारित पंजियों, दस्तावेजों व जनसमस्याओं से जुड़े प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की बिन्दुवार जानकारी ली एवं लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर जोन के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जोन कार्यालय की साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखें, जोन कार्यालय में अपने कार्य के संबंध में पहुंचने वाले आमनागरिकों से सौम्यपूर्ण व सम्मानजनक व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने एवं निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी व सुशील सोनी, उप जोन प्रभारी महेश्वर सिंह, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, रामाधार सागर, तीजराम, डी.एन.पैकरा, ढेलुराम देवांगन आदि के साथ जोन के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।